RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 11 मई 2023 | वर्ष 05 | अंक 24 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
रोकठोक लेखनी
®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# देह व्यापार का रैकेट चलाने के आरोप में महिला गिरफ्तार



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में पुलिस ने देह व्यापार का रैकेट चलाने के आरोप में 45 वर्षीय एक महिला को गिरफ्तार किया और इस धंधे में धकेली गई एक नाबालिग लड़की को मुक्त कराया। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मानव तस्करी रोधी प्रकोष्ठ के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश पाटिल ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सोमवार शाम को ठाणे रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक रेस्तरां के पास एक नकली ग्राहक भेजकर आरोपी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। पुलिस ने नाबालिग की उम्र का जिक्र किए बिना बताया कि कार्रवाई के दौरान उसने एक लड़की के साथ मौके पर मौजूद एक महिला को गिरफ्तार किया। नाबालिग लड़की को बचाव गृह भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी महिला के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# मुंबई कर्नाटक की 50 सीटों पर बीजेपी को बागियों ने दिया झटका...

# CM बोम्मई बोले- BJP बनाएगी सरकार

## जानें कांग्रेस को कितनी सीटों का फायदा

**कर्नाटक :** कर्नाटक विधानसभा के लिए मतदान बुधवार (10 मई) को सम्पन्न हो गए. सभी दलों ने महीनों तक अपने पक्ष में चुनावी माहौल बनाया, अब मतदान होने के बाद रिजल्ट की बारी है, जो 13 मई को घोषित किए जाएंगे. 13 मई को आधिकारिक परिणाम आने से पहले एग्जिट पोल में कांग्रेस को बढ़त मिल रही है. मगर, मुंबई कर्नाटक रीजन में बीजेपी और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर है. यहां कुल 50 सीटें आती हैं. वोटर के एग्जिट पोल में बीजेपी को 24 से 28 और कांग्रेस को 22 से 26 सीटें मिलने का अनुमान है. वहीं, जेडीएस और अन्य को एक-एक सीट मिल सकती है.

| BJP | INC | JDS | OTH |
|---|---|---|---|
| 92 | 107 | 23 | 2 |



### कांग्रेस-बीजेपी के बीच कांटे की टक्कर

इसके अलावा मुंबई कर्नाटक रीजन में वोटिंग परसेंटेज में भी कांग्रेस और बीजेपी के बीच कांटे की टक्कर है, जिससे पासा किसी भी तरफ पलट सकता है. यहां कांग्रेस को 44 फीसदी, बीजेपी को 43 फीसदी और जेडीएस को 6 फीसदी वोट मिल रहा है. इसके अलावा अन्य के खाते में 7 फीसदी वोट जा सकता है.

## एग्जिट पोल में कांग्रेस को बहुमत...

**एग्जिट पोल में मुंबई कर्नाटक रीजन में कांग्रेस और बीजेपी के बीच कड़ा मुकाबला दिखाई दे रहा है. 224 सीटों में से बीजेपी को 83 से 95 सीटें, कांग्रेस को 100 से 112, जेडीएस को 21 से 39 और अन्य को 02 से 06 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है.**

## बीजेपी की पूर्ण बहुमत की सरकार- येदियुरप्पा

**वहीं, बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा एग्जिट पोल को गलत बताते हुए कर्नाटक में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने का दावा किया. शिवमोगा में उन्होंने कहा कि "हम बहुमत हासिल करने वाले हैं और कर्नाटक में सरकार बनाने वाले हैं." कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने भी एग्जिट पोल पर कहा कि हमारी जमीनी सूचना के मुताबिक हम 100 फीसदी बहुमत ला रहे हैं. असल नतीजे 13 मई को आएंगे और उसी दिन का इंतजार करें. एग्जिट पोल 100 फीसदी सही नहीं होते.**

# सीएम शिंदे समेत 16 विधायकों पर SC के फैसले से पहले महाराष्ट्र में सियासी हलचल

# क्या कह रहे हैं नेता ?

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र राजनीतिक संकट पर गुरुवार (11 मई) को सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ फैसला सुना सकती है. इस बीच महाराष्ट्र में सियासी हलचल बढ़ गई है. माना जा रहा है इस फैसले से राज्य की राजनीतिक दिशा तय होगी. एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे, दोनों के गुट अपने-अपने पक्ष में फैसला आने का दावा कर रहे हैं. उद्धव ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत ने बुधवार (10 मई) को कहा कि कल फैसला होगा कि ये देश संविधान से चलती है कि नहीं. देश में लोकतंत्र जीवित है कि नहीं. कल ये भी फैसला होगा कि हमारी न्याय व्यवस्था किसी दबाव में काम कर रही है या नहीं. ये देश संविधान से चलता है और जो देश संविधान से नहीं चलता तो आप पाकिस्तान की हालत देख लीजिए. राउत ने कहा कि हम चाहते हैं कि ये देश संविधान से चले है, हमारी न्याय व्यवस्था स्वतंत्र रहें.

## "न्यायपालिका पर पूरा भरोसा"

**वहीं ठाकरे गुट के ही नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है. संविधान का पालन करने से ही देश को फायदा होगा. शिंदे गुट के नेता संजय शिरसाट ने कहा कि मुझे जानकारी मिली है कि 16 विधायकों की अयोग्यता पर सुप्रीम कोर्ट कल अपना आदेश सुनाएगा. कल सब कुछ साफ हो जाएगा, मैं भी 16 विधायकों में से एक हूं. मुझे लगता है कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला हमारे पक्ष में होगा. हमें इसकी चिंता नहीं है.**



### "राज्य सरकार के पास बहुमत है"

महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नारवेकर ने कहा कि मौजूदा राज्य सरकार के पास बहुमत है, चाहे कोई भी फैसला आए. मेरे स्पीकर बनने के बाद, ये सरकार बहुमत परीक्षण में सफल रही. संख्या बल के हिसाब से देखें तो इस सरकार के पास बहुमत है, चाहे कोई भी फैसला आए. नारवेकर ने इससे पहले मंगलवार को कहा था कि विधायकों की अयोग्यता के संबंध में निर्णय विधानसभा अध्यक्ष का विशेषाधिकार है. नारवेकर एक प्रशिक्षित वकील भी हैं. उन्होंने ये भी कहा था कि न्यायपालिका अपनी जिम्मेदारियों और कर्तव्यों से अच्छी तरह से अवगत है.

### "साबित कर सकते हैं बहुमत"

महाराष्ट्र बीजेपी प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने बुधवार को दावा किया कि सत्तारूढ़ शिवसेना-बीजेपी गठबंधन जरूरत पड़ने पर 288 सदस्यीय विधानसभा में 184 से अधिक वोट हासिल करके बहुमत साबित कर सकता है. बावनकुले ने ये भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले सुनाए जाने से पहले टिप्पणी करना, अदालत की अवमानना के समान है. गौरतलब है कि एकनाथ शिंदे पिछले साल जून में शिवसेना के कई विधायकों को साथ लेकर बागी हो गए थे. उनकी बगावत के बाद 19 जून, 2022 को उद्धव ठाकरे की सरकार गिर गई थी.

## शिंदे गुट को चुनाव आयोग ने माना असली शिवसेना

**इसका कारण ये है कि जब शिंदे ने बगावत की थी तो उनके साथ 11 विधायक थे, जो पहले सूरत और बाद में गुवाहाटी गए थे. एक दिन बाद ये 12 विधायक उद्धव ठाकरे की ओर से बुलाई गई बैठक में शामिल नहीं हुए. इसलिए, शुरू में ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने पार्टी व्हिप का उल्लंघन करने के लिए 12 विधायकों की अयोग्यता की मांग करते हुए एक याचिका दायर की. बाद में उन्होंने चार और विधायकों को नोटिस भेजा, जिससे कुल 16 विधायक हो गए. ये भी बता दें कि, चुनाव आयोग शिंदे गुट को असली शिवसेना करार दे चुका है.**




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# चीन की बेचैनी

यह चीन की परेशानी का ही नतीजा है कि भारतीय नौसेना के आसियान देशों के साथ दक्षिण चीन सागर में हुए युद्धाभ्यास की वह बड़े पैमाने पर निगरानी करता रहा। उल्लेखनीय है कि हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन के निरंकुश व्यवहार पर अंकुश लगाने के लिये गत सात व आठ मई को दक्षिण चीन सागर में भारत ने आसियान देशों की नौसेनाओं के साथ युद्ध अभ्यास किया। जिसमें भारतीय नौसेना के अलावा आसियान देश फिलीपींस, इंडोनेशिया, सिंगापुर, मलेशिया, थाईलैंड, ब्रुनेई और वियतनाम की नौसेनाएं शामिल हुई थीं। बताया जाता है कि चीन न केवल फाइटर जेट व खुफिया वॉरशिप से जासूसी कर रहा था बल्कि चीनी समुद्री मिलिशिया जहाज भी युद्धाभ्यास की जगह से करीब पचास किलोमीटर की दूरी पर देखे गये। दुनिया को भरमाने के लिये यूं तो चीन ने मिलिशिया जहाजों को व्यापारिक जहाजों के रूप में पंजीकृत कर रखा है,लेकिन असल में ये पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की नेवी विंग के इशारे पर समुद्र में अपनी गतिविधियों को अंजाम देते हैं। उल्लेखनीय है कि जिस तरह चीन दक्षिण एशिया में छोटे देशों के साथ मिलकर भारत की घेराबंदी करता रहा है, उसी की तर्ज पर भारत भी आसियान देशों के साथ मिलकर रणनीतिक साझेदारी को मूर्त रूप दे रहा है। जिससे परेशान होकर चीन युद्धाभ्यास की निगरानी कर रहा था। हालांकि, चीनी युद्धपोत अभ्यास स्थल के ज्यादा करीब नहीं आये, जिसके चलते किसी टकराव की आशंका टल गई। खबरों के मुताबिक, चीनी युद्धक जहाज व एयरक्राफ्ट दक्षिण चीन सागर में मौजूद थे। दरअसल, हाल के दिनों में हिंद प्रशांत व चीन सागर में चीन की आक्रामक गतिविधियां तेज हुई हैं। इतना ही नहीं, तमाम आसियान देशों से समुद्री सीमा को लेकर उसका विवाद चल रहा है। यहां तक कि फिलीपींस चीन के खिलाफ समुद्री सीमा विवाद के मामले में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय गया और अपनी संप्रभुता को लेकर मुकदमा जीता भी। इसके अलावा वियतनाम आदि कई पड़ोसी देशों से चीन का सीमा विवाद बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि वियतनाम के विशिष्ट आर्थिक जोन में इस ड्रिल को अंजाम दिया गया।

हालांकि, चीन के किसी हस्तक्षेप को टालने के लिये चीनी जहाजों पर सतर्कतापूर्वक नजर रखी जा रही थी। इससे पूर्व भारत के गाइडेड मिसाइल विध्वंसक से लैस आईएनएस दिल्ली और स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस सतपुड़ा ने भी अभ्यास में भागीदारी सिंगापुर के नौसेनिक अड्डे पर की थी। बहरहाल, भारत ने कूटनीतिक बढ़त लेने के इरादे से उन देशों से करीबी संबंध बनाये हैं, जिनके चीन के साथ रिश्ते खराब चल रहे हैं। इतना ही नहीं, कई देशों के साथ युद्ध से जुड़े अभ्यास कार्यक्रम भी चलाये गये हैं। जिसका मकसद युद्धक विमानों तथा पनडुब्बियों का कुशल संचालन करना है। यहां तक कि भारत कई आसियान देशों को हथियार भी बेचने लगा है। पिछले दिनों फिलीपींस के साथ भारत ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइलों से जुड़े सिस्टम का सौदा किया था। फिलीपींस के साथ यह सौदा 375 मिलियन डॉलर का बताया जाता है। ऐसा ही सौदा वियतनाम व इंडोनेशिया के साथ भी होने की उम्मीद है। भारत ने चीन के साथ सीमा विवाद के चलते सुरक्षात्मक रणनीति के तहत आसियान देशों के साथ करीबी रिश्ते स्थापित किये हैं। दरअसल, आसियान देशों के साथ इस समुद्री युद्धाभ्यास का मकसद उन टकरावों को टालना था, जिनके अचानक समुद्र में घटने की आशंका रहती है। इसके जरिये आपसी भरोसे को बढ़ाने तथा दुर्घटनाओं की आशंकाओं को कम करना भी था। ऐसा चीन द्वारा लगातार विवादों को हवा देने के चलते अपरिहार्य हो गया था। भारत की सीमाओं का अतिक्रमण करने की कोशिशों में लगे चीन को अहसास कराना भी जरूरी था कि हम भी उसके खिलाफ दूसरे मोर्चे तैयार कर सकते हैं। आसियान इंडिया मेरीटाइम एक्सरसाइज इसी कड़ी का हिस्सा थी जो बिना किसी बाधा के पूर्ण भी हो गयी। यद्यपि चीन पूरे दक्षिणी चीन सागर पर अपना दावा जताता रहा है लेकिन वहीं दूसरी ओर आसियान देश भी इसके अलग-अलग हिस्सों पर अपनी दावेदारी जताते रहे हैं। जिसके बूते ही भारत इन देशों के साथ सामरिक हितों को बढ़ावा दे रहा है। भारत की अंतिम कोशिश है कि चीन के खिलाफ आसियान देशों को मजबूत किया जाये।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# महाराष्ट्र में ट्रकों की किल्लत से भाड़ा बढ़ा, शकर के दामों में तेजी

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की शकर मिलों में ट्रकों की भारी किल्लत के साथ ही ट्रक भाड़े बढ़ जाने से शकर की लागत ऊंची बैठने लगी है। इससे शकर की कीमतों में सुधार का रुख बनने लगा है। इंदौर में शकर नीचे में 3750 तथा ऊपर में 3775 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। दरअसल, महाराष्ट्र में अंगूर, आम, सोयाबीन में ट्रकों को अच्छा भाड़ा मिलने के कारण शकर मिलों में ट्रकों की किल्लत हो गई है और जो गाड़ियां आ रही है वो भाड़े ऊंचे मांग रही है। इस वजह से शकर की तेजी को सपोर्ट मिला है। दूसरी ओर गर्मी फिर से अपने तेवर दिखाने लगी है। इसके चलते शकर में शीतल पेय निमार्ताओं की पूछताछ बाजार में आने लगी है। इस वजह से भी शकर के दाम बढ़ रहे हैं। शकर की आवक तीन गाड़ी की रही।



नारियल में वैवाहिक सीजन के चलते सीमित पूछपरख बनी हुई है। इससे भाव मजबूती पर टिके हुए हैं। नारियल की आवक दो गाड़ी की रही। खोपरा बूरा में हलवाइयों की भरपूर मांग रहने और बाजार में आवक में कमी के कारण भाव बढ़ाकर बोले जा रहे हैं। खोपरा गोला में कारोबार सामान्य रहा। भाव मजबूती पर टिके रहे। नारियल 120 भरती 1600-1650, 160 भरती 1700-1800, 200 भरती 1800-1900, 250 भरती 1950-2000 रुपये प्रति बोरी के भाव रहे। खोपरा गोला बक्सा 122-145 रुपये प्रति किलो और खोपरा बूरा 2100-4150 रुपये प्रति (15 किलो) के भाव रहे।

जीरा में स्टाकिस्टों की पकड़ मजबूत बनी हुई है। वायदा मार्केट में भी सटोरियों की सक्रियता के चलते हाजिर बाजारों में मंदी की स्थिति नहीं बन पा रही है। दरअसल, उत्पादन कम होने के साथ ही लोकल और निर्यातकों की अच्छी पूछताछ रहने से तेजी को सपोर्ट मिल रहा है। जीरा राजस्थान 505 से 510, ऊंझा 515 से 525, बेस्ट 530 से 540 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बताए गए। शकर के दाम - शकर 3750-3775, गुड़ भेली 3700-3800, कटोरा 4100, लड्डू 4200-4300, गिलास एक किलो 4600-4800 और मालवी गुड़ सुपर 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। नारियल - नारियल 120 भरती 1600-1650, 160 भरती 1700-1800, 200 भरती 1800-1900, 250 भरती 1950-2000 रुपये प्रति बोरी के भाव रहे। खोपरा गोला बक्सा 122-145 रुपये प्रति किलो और खोपरा बूरा 2100-4150 रुपये प्रति (15 किलो) के भाव रहे।

# 'द केरल स्टोरी' देखने पहुंचे महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस

## फिल्म को जागरण की मुहिम बताया



**नागपुर :** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने फिल्म ह्यद केरल स्टोरीह्न को जागरण की मुहिम बताया। वे नागपुर में इस फिल्म को देखने पहुंचे। उनके साथ बीजेपी के कई नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद थे। वे नागपुर के वीआर मॉल में फिल्म देखने पहुंचे थे। फिल्म देखने से पहले देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि यह फिल्म नहीं है बल्कि जागरण की मुहिम है । उन्होंने कहा कि एक विदारक सत्य सिनेमा के माध्यम से सामने लाया जा रहा है। किस प्रकार से समाज में एक भेद पैदा किया जा रहा है और महिलाओं के साथ अन्याय हो रहा है, ये सारी चीजें इसमें दिखाई गई हैं। दरअसल द केरल स्टोरी फिल्म को लेकर काफी विवाद खड़ा हो गया है। किसी बीजेपी शासित राज्यों में जहां इस टैक्स फ्री किया जा रहा है वहीं कुछ राज्यों में इस पर बैन भी लगाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार ने इसे टैक्स फ्री कर दिया है तो बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार ने इसपर बैन लगा दिया है। इस बीच ''द केरला स्टोरी'' के प्रोडक्शन यूनिट के एक सदस्य को मोबाइल फोन पर धमकी भरा संदेश मिला है।

### फिल्म के प्रोडक्शन हेड को धमकी

फिल्म के प्रोडक्शन प्रमुख भंजय साहू को शनिवार को अज्ञात नंबर से फोन से संदेश मिला कि ''अकेले बाहर मत निकलना, तुमने अच्छा नहीं किया।'' अधिकारी ने कहा कि साहू ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि, अभी प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक सूचना के आधार पर पुलिस ने साहू के कार्यालय को सुरक्षा प्रदान की है और विस्तृत जांच जारी है। ''द केरला स्टोरी'' में केरल की उन महिलाओं की दुर्दशा दिखाने का दावा किया गया है, जो कथित तौर पर धर्म परिवर्तन करके आईएसआईएस में शामिल हो गई थीं। इस फिल्म को लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है।

# मुंबई में फिल्म शूटिंग के लिए गई महिला से पुरुष मित्र ने होटल में किया बलात्कार



**मुंबई :** मुंबई में एक फिल्म शूटिंग के लिए गई 19 वर्षीय युवती के साथ मरीन ड्राइव के एक होटल में उसके पुरुष मित्र द्वारा कथित रूप से यौन उत्पीड़न किया गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि युवती हरियाणा की रहने वाली है। एक अधिकारी ने बताया कि 38 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पीड़िता और आरोपी एक-दूसरे को जानते हैं और हरियाणा से फिल्म की शूटिंग के लिए मुंबई आए थे। अधिकारी ने बताया कि रविवार की रात पुरुष मित्र ने कथित तौर पर युवती का यौन उत्पीड़न किया और उसे धमकी दी। उन्होंने बताया कि युवती की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीएस) की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

आवश्यकता है
दैनिक रोकठोक समाचार पत्र को रिपोर्टर एवं ब्यूरो चीफ की आवश्यकता है तुरंत संपर्क करें:
Mobile : 9987775650
Email : rokthoklekhaninews@gmail.com



## नागपुर में गाय तस्करों को बचाने के मामले में आठ पुलिसकर्मी निलंबित,

### 21 मुख्यालय से किए गए अटैच

**महाराष्ट :** महाराष्ट्र के नागपुर शहर में अवैध गाय तस्करों के साथ कथित मिलीभगत के आरोप में आठ पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है, जबकि 21 पुलिसकर्मियों को मुख्यालय से अटैच किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यशोधरा नगर थाने की सीमा के अंतर्गत गायों की तस्करी के मामले में मोबाइल फोन की जांच की गई। जिसमें पुलिसकर्मियों की मिलीभगत सामने आई। जिसके बाद अधिकारियों ने आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की। नागपुर पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने क्राइम ब्रांच यूनिट के चार अधिकारियों समेत 21 पुलिसकर्मियों को मुख्यालय से अटैच किया। उन्होंने कहा कि यशोधरा नगर थाने के इंस्पेक्टर का तबादला कर दिया गया है और डीबी (डिटेक्शन ब्रांच) दस्ते के आठ कर्मियों को गाय तस्करों से मिलीभगत के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जांच में खुलासा हुआ है कि कुछ बीट मार्शल गाय तस्करों के संपर्क में थे और उनकी मदद कर रहे थे।




## वरिष्ठ नागरिक की हत्या के मामले में पुलिस ने हत्यारे को किया गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने मंगलवार को 85 वर्षीय एक बुजुर्ग व्यक्ति की हत्या का 12 घंटे के अंदर ही खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने 30 साल के एक शख्स को गिरफ्तार किया है। मृतक मुरलीधर नाइक का शव सोमवार सुबह उपनगरीय सांताक्रूज स्थित उनके फ्लैट के बेडरूम में मिला। उनके हाथ-पैर कपड़े से बंधे हुए थे। मौके से नाइक की सोने की चेन और एक घड़ी चोरी की गई। पुलिस लूट के मकसद से हत्या मानकर मामले की जांच में जुटी थी। कृष्णा पेरियार के रूप में पहचाने जाने वाले केयरटेकर को एक मई को एक एजेंसी के माध्यम से काम पर रखा गया था। अधिकारियों ने कहा कि पेरियार को पकड़ने के लिए पुलिस ने दस विशेष टीमों का गठन किया। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि पेरियार सौराष्ट्र एक्सप्रेस में सवार हो गया है। मुंबई पुलिस ने जीआरपी और गुजरात में उनके समकक्षों से संपर्क किया। सोमवार की रात जैसे ही पेरियार अहमदाबाद स्टेशन पर ट्रेन से उतरे, उन्हें स्थानीय पुलिस की एक टीम ने पकड़ लिया। बाद में उसे मुंबई लाया गया। अधिकारी ने कहा कि आरोपी नेपाल भागने की कोशिश कर रहा था, क्योंकि वह पड़ोसी देश का रहने वाला है।

## हवाईअड्डे से सोने की तस्करी मे अंतरराष्ट्रीय तस्कर गिरफ्तार...



**मुंबई :** एनसीबी और सीमा शुल्क अधिकारियों ने नागपुर हवाईअड्डे से 1.80 करोड़ रुपये से अधिक का 3.35 किलोग्राम सोने की तस्करी के आरोप में एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। तस्कर को जेद्दा से आने वाली फ्लाइट से उतरने के बाद पकड़ा गया। एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि उसे सोना किसी अन्य व्यक्ति को सौंपना था।

## महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री के खिलाफ ED का आरोप-पत्र

### बेहिसाब धन से कराया दापोली रिसॉर्ट का निर्माण



**मुंबई :** प्रवर्तन निदेशालय ने महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री अनिल परब और पूर्व सरकारी अधिकारी के खिलाफ मंगलवार को अदालत में एक आरोप पत्र दायर किया। जिसमें ईडी ने कहा, पूर्व मंत्री ने रत्नागिरी जिले के दापोली में अपना बेहिसाब पैसा निवेश कर एक रिसॉर्ट बनाया। यह मनी लॉन्ड्रिंग का मामला है।

रिसॉर्ट के निर्माण से जुड़े मामले में परब के अलावा उनके सहयोगी सदानंद कदम और पूर्व अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ) जयराम देशपांडे के खिलाफ भी आरोप पत्र दायर किया गया है। दोनों फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। फेडरल एंटी मनी लॉन्ड्रिंग एजेंसी ने भी परब से पूछताछ की थी, लेकिन चार्जशीट में उन्हें आरोपी के तौर पर नामजद नहीं किया गया है। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामलों के विशेष न्यायाधीश एम जी देशपांडे ने मंगलवार को आरोप पत्र का संज्ञान लिया और आरोपी व्यक्तियों को समन जारी किया।

**एक एकड़ जमीन पर कराया गया रिजॉर्ट का निर्माण**

साई रिजॉर्ट एनएक्स के संबंध में जांच के दौरान यह पता चला है कि दापोली रत्नागिरी में स्थित 42.14 गुंटा (एक एकड़ से अधिक) की भूमि पर बनाया गया है। ईडी की चार्जशीट में कहा गया है कि इसे विभास साठे से अनिल परब ने 1 करोड़ रुपये में खरीदा था। इसका सौदा 1.80 करोड़ रुपये में तय किया गया था और परब ने जमीन खरीदने के लिए 80 लाख रुपये की बेहिसाब नकदी का इस्तेमाल किया, जिससे इसकी वास्तविक कीमत कम हो गई।

**रिजॉर्ट के निर्माण में नियमों का किया गया उल्लंघन**

चार्जशीट में कहा गया, अनिल परब ने अपने बेहिसाब पैसे का निवेश करके साई रिजॉर्ट एनएक्स का निर्माण किया गया। साथ ही सीआरजेड III नियमों का भी उल्लंघन किया गया। ईडी ने कहा कि परब के सहयोगी और आरोपी सदानंद कदम ने कृषि भूमि की खरीद और इसके निर्माण के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## आरपीएफ ने दो मोबाइल चोर को किया गिरफ्तार

### 63,249 रूपये कीमत के मोबाइल जब्त

**वसई :** पश्चिम रेलवे अंतर्गत आरपीएफ ने ऑपरेशन 'यात्री सुरक्षा' के तहत 5 मोबाइल चोरी की गुत्थी सुलझाने में एक बड़ी सफलता अर्जित की है। आरपीएफ नालासोपारा - बोरीवली ने एक 23 व 28 वर्षीय शातिर मोबाइल फोन चोर को गिरफ्तार कर उसे जीआरपी बोरीवली व वसई के हवाले कर दिया है। यह कार्रवाई बोरीवली रेलवे स्टेशन आरपीएफ इंचार्ज दिनेश कुमार व नालासोपारा स्टेशन आरपीएफ इंचार्ज राजीव सिंह सलारिया के नेतृत्व में आरपीएफ जवान ने की है। बताया गया है कि 8 मई को आरपीएफ बोरीवली सी.पी.डी.एस टीम के सी.टी रवि बर्मन,सी.टी कमलेश स्वामी और सी.टी रवि कुंतल ने सर्विलांस के दौरान एक मोबाइल चोर को प्लेटफॉर्म नं.8 पर रंगे हाथ मोबाइल चोरी करते पकड़ा,जिसमे






पूछताछ में उसने अपना नाम मोसिन मझिद मुल्ल्ला उम्र 23 वर्ष,निवासी-नागपाडा मुंबई बताया,पश्चात पूछताछ में उसने मोबाइल चोरी करने का गुनाह काबुल किया,जिंसके बाद उसे जीआरपी बोरीवली के हवाले किया गया। जानकारी के अनुसार, जीआरपी बोरीवली में उक्त शख्स के खिलाफ मोबाइल (कीमत 18,499 रुपये) चोरी का मामला दर्ज किया गया। पूछताछ करने पर दो और मोबाइल चोरी (25,250 रुपये) करना स्वीकार किया। दूसरी घटना ; सीसीटीवी फुटेज की सहायता से 8 मई को नालासोपारा पोस्ट (आरपीएफ) की टी.ओ.पी.बी टीम के सी.टी संजय कुमार, सी.टी कृष्णा सैनी और ड्यूटी पर तैनात एल/एच. सी प्रमिला यादव को टी.ओ.पी.बी के 01 आरोपी अब्दुल कादिर खान उम्र 28 साल को रंगे हाथों पकड़ा गया और जीआरपी वसई को सौंप दिया गया। उन पर जीआरपी वसई में मोबाइल (कीमत 11000 रुपये ) चोरी का केस दर्ज किया गया,जीआरपी द्वारा जारी जांच के दौरान यह पाया गया कि उपरोक्त आरोपी (अब्दुल )1 और मोबाइल चोरी के मामलों में शामिल था।

## मुंबई में फडणवीस से अलग टीम क्यों बनाना चाहते हैं आशीष शेलार, अज्ञातवास झेल रहे कई नेताओं को मिलेगी जिम्मेदारी?

**मुंबई:** मुंबई बीजेपी की कमान संभालने के बाद अध्यक्ष आशीष शेलार कार्यकारिणी में ज्यादा कुछ बदलाव नहीं कर सके, लेकिन अब वह अपनी टीम बनाने जा रहे हैं। माना जा रहा है कि जिस तरह महाराष्ट्र बीजेपी से फडणवीस के लोगों की छुट्टी कर दी गई, उसी तरह से मुंबई बीजेपी में भी उनके (फडणवीस) लोगों की कार्यकारिणी से विदाई तय मानी जा रही है। मुंबई के उन बीजेपी नेताओं को भी शेलार नई जिम्मेदारी दे सकते हैं, जिन्हें फडणवीस ने साइड कर रखा है। शेलार अपनी टीम लेकर बीएमसी के चुनाव में उतरना चाहते हैं। शेलार जल्द ही नई टीम की घोषणा कर सकते हैं। शेलार को मुंबई बीजेपी का अध्यक्ष अगस्त 2022 में बनाया गया था। शेलार से पहले मंगल प्रभात लोढा अध्यक्ष थे। लोढा ने अपनी टीम बनाई थी, जिस पर फडणवीस की



छाप थी। उसी टीम को लेकर शेलार चल रहे थे, लेकिन अब शेलार नई टीम बनाने में लगे हैं। साथ ही मुंबई बीजेपी के अलग-अलग सेल में भी शेलार बदलाव चाहते हैं। इसके लिए दिल्ली ने भी शेलार को हरी झंडी दे दी है।

**प्रकाश मेहता और कोटक को जिम्मेदारी**

विधानसभा चुनाव का टिकट काटे जाने के बाद प्रकाश मेहता पूरी तरह से साइड कर दिए गए थे। इसका कारण फडणवीस को बताया जाता है। हालांकि, अपने चुनाव क्षेत्र घाटकोपर (पूर्व) में मेहता ने अपने लोगों के साथ संगठन के समानांतर गतिविधि जारी रखी। लेकिन, ज्यादा सफलता नहीं मिली। शेलार अपनी टीम में मेहता को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दे सकते हैं। इसी तरह, उत्तर-पूर्व मुंबई के सांसद मनोज कोटक को भी शेलार टीम में लेना चाहते हैं। राज के. पुरोहित को भी नई जिम्मेदारी दी जा सकती है। पुरोहित भी मुंबई बीजेपी के अध्यक्ष रहे हैं।



# 1500 रुपये रिश्वत मांगने वाला लिपिक पकड़ाया

**वसई :** मीरा भाईंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय कार्यालय में पालघर एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। पालघर एंटी करप्शन ने दो कर्मचारियों को रिश्वत मामले में कार्रवाई की है जिसमे एक को गिरफ्तार किया गया है,जबकि दूसरा फरार बताया जा रहा है। एक वरिष्ठ लिपिक है जबकि दूसरा लिपिक है। प्राप्त जानकारी शिकायतकर्ता को सातवें वेतन आयोग की अंतर राशि प्राप्त करने बाबत,साथ ही मेडिकल बिल की स्वीकृति हेतु उक्त बिल कोषागार कार्यालय में जमा कराने के लिए आरोपी क्रमांक 1 (वरिष्ठ लिपिक ) और 2 ( - लिपिक ) ने शिकायतकर्ता से 1500 रुपये की रिश्वत की मांग की थी,जिसके बाद पालघर एंटी करप्शन की टीम ने उपरोक्त मामले की छानबीन की,और उक्त रिश्वतखोरी मामले में एक को गिरफ्तार किया है ।यह कार्रवाई ठाणे परिक्षेत्र पुलिस सुनील लोखंडे के मार्गदर्शन में डीवाईएसपी नवनाथ जगताप के नेतृत्व मे स्वपन बिश्वास (पुलिस निरीक्षक ),पोहवा/अमित चव्हाण,पोशि/ सखाराम दोडे ने की है। वही नवनाथ जगताप पुलिस उप अधिक्षक (एंटी करप्शन ब्यूरो पालघर ) ने पालघर जिले के सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि यदि कोई सरकारी अधिकारी/ कर्मचारी या निजी व्यक्ति (एजेंट) उनकी ओर से कोई भी सरकारी काम करने के लिए कानूनी शुल्क के अलावा अन्य रिश्वत की मांग कर रहा है तो हमसे तुरंत मो.नं. 9923346810/ 9850158810 व एंटी करप्शन ब्युरो, कॅम्प पालघर दुरध्वनी 02525-297297 पर संपर्क करें।



# महाराष्ट्र सरकार 30,000 शिक्षकों की भर्ती करेगी : मंत्री



**मुंबई :** महाराष्ट्र के स्कूल शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने कहा है कि अगले महीने से शुरू हो रहे नये शैक्षणिक वर्ष की शुरूआत में करीब 30,000 शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। मंत्री ने मंगलवार को एक क्षेत्रीय समाचार चैनल को बताया कि भर्ती प्रक्रिया में मौजूदा आरक्षण मानदंडों का पालन किया जाएगा और साक्षात्कार भी होंगे। उन्होंने कहा, ''राज्य स्कूल शिक्षा विभाग पहले चरण में 30,000 शिक्षकों की भर्ती करेगा। हम इस साल जून में नये शैक्षणिक वर्ष की शुरूआत से पहले इस प्रक्रिया को पूरा करने की उम्मीद कर रहे हैं।'' केसरकर ने कहा कि राज्य दूसरे चरण में 20,000 और शिक्षकों की भर्ती करने की भी योजना बना रहा है। उन्होंने कहा, ''छात्रों के आधार सत्यापन के बाद दूसरे चरण में भर्ती होने वाले शिक्षकों की संख्या को तय किया जाएगा।''

# महाराष्ट्र में शराबियों ने सरकार को किया मालामाल...

## शराब की बिक्री में एक साल में रिकॉर्ड 25 फीसदी की बढ़ोतरी



**मुंबई:** महाराष्ट्र सरकार को शराबियो ने मालामाल कर दिया है. क्योंकि राज्य उत्पादन शुल्क विभाग की तरह से जारी आकंड़ों के अनुसार 2022-2023 में शराब की बिक्री में रिकॉर्ड 25 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है. राजस्व विभाग के अनुसार इस साल सरकार के खाते में 21 हजार 550 करोड़ रुपये की कमाई हुई है. जो एक बहुत बड़ा आकड़ा है. महाराष्ट्र में शराब की बिक्री में इतने बड़ी संख्या में बढ़ोतरी के बाद यह कहा जा सकता है कि लोग बढती महंगाई से भले ही परेशान है. लेकिन शराब पीने वालों की संख्या बढ़ने के साथ ही पीने वालों के शौक कम नहीं हुए है. वहीं महाराष्ट्र में 2021-22 में शराब की खपत में 23% की बढ़ोतरी हुई है. वहीं इस साल में शराब की विक्री में 2 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है. आबकारी विभाग की तरह से यह जानकारी दी गई.

# बांद्रा ट्रीट मेंट प्लांट के लिए भी कटेंगे 547 पेड़...

**मुंबई:** धारावी के बाद अब मनपा ने बांद्रा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के विकास के लिए 547 पेड़ों को काटने के लिए नोटिस निकाला है। मनपा ने पेड़ो को काटने के लिए लोगो से शिकायत और सुझाव मांगा है। बता दे कि मनपा प्रशासन को मुंबई में निकलने वाले दूषित पानी को ट्रीट करने के लिए सात जगहों पर ट्रीट मेंट प्लांट बनाने का निर्णय लिया है। मनपा ने अभी कुछ दिन पूर्व धारावी ट्रीट मेंट प्लांट बनाने में बाधा बन रहे 403 पेड़ो को काटने के लिए नोटिस निकाला था। मनपा अब बांद्रा ट्रीट मेंट प्लांट बनाने में अड़चन बन रहे 547 पेड़ों को काटने की नोटिस निकाली है। बांद्रा ट्रीटमेंट प्लांट में अड़चन बन रहे 547 में से 204 पेड़ों को काटने और 343 को ट्रांसप्लांट किया जाना है। महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) पेड़ों की सुरक्षा और संरक्षण अधिनियम 1975 की धारा 8 (3) (सी) के तहत, किसी विशेष क्षेत्र से पेड़ों को काटने का निर्णय मनपा आयुक्त जो वृक्ष प्राधिकरण के अध्यक्ष हैं उनकी अनुमति देने के बाद पेड़ो को काटने की नोटिस दी जाती है। उल्लेखनीय है कि मुंबई में समुद्र में छोड़े जाने वाले दूषित पानी पर प्रक्रिया करने के लिए इस साल जनवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सात सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का भूमिपूजन किया था जिसमें बांद्रा और धारावी प्लांट शामिल थे। इसके अलावा वर्ली, वसोर्वा, मलाड, भांडुप और घाटकोपर में भी ट्रीटमेंट पलांट का काम शुरू होगा। इन सभी सात सीवेज ट्रीटमेंट केंद्रों की संयुक्त क्षमता 246.40 करोड़ लीटर पानी को रोजाना ट्रीट कर समुद्र में छोड़ा जाएगा। जिसका फायदा पर्यावरण को होगा।



# 32 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की



**वसई :** नालासोपारा पूर्व के आचोले गांव में एक 32 वर्षीय शख्स द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना सामने आई है। इस मामले में आचोले पुलिस ने सीआरसीपी कलम 174 के तहत केस दर्ज कर आगे की विवेचना कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार,मिलिंद किशोर पाटिल (32 ),निवासी-आचोले गांव नालासोपारा पूर्व में रहता था। बताया गया है कि किसी अज्ञात कारण वश मिलिंद ने 8 मई को घर मे लगे पंखे में रस्सी बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

# कार की टक्कर से दुपहिया चालक जख्मी

**पालघर :** बोईसर-चिल्हर सड़क पर दुर्घटना सत्र थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते रविवार को गुंदले में कार चालक की टक्कर में एक दुपहिया वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसको उपचार के लिए अधिकारी लाइफलाइन अस्पताल में भर्ती किया गया। बताया जाता है कि तारापुर एमआईडीसी में हिरेन टेक्सटाइल कंपनी में काम करने वाले नीलेश गोपाल उंबरसदा (35 ) बोईसर-चिल्हार रोड से होंडा यूनिकॉर्न पर अपने घर गुंदले गरवाशेट लौट रहे थे, इसी बीच चिल्हार फाटा से बोईसर आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। इस टक्कर में दोपहिया वाहन चालक नीलेश बुरी तरह से घायल हो गए।



हेल्थ कॉर्नर



# बदलते मौसम में सेहत का खयाल जरूरी

*बदलते मौसम में सेहत का ध्यान रखना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। दरअसल, मौसम में उतार-चढ़ाव होता है जिसमें शरीर खुद को ढाल नहीं पाता और लोग बीमार पड़ते हैं। लेकिन बदलते मौसम में आप इन तरीकों से बीमारियों को दूर रख सकते हैं।*

– बीमारियों से बचने के लिए हमेशा साफ-सुथरा रहें। खाना खाने से पहले और बाद में हाथ जरूर धोएं। साथ ही छींकते समय मुंह पर रुमाल और बाहर निकलते समय चेहरे पर कपड़ा बांधना ना भूलें। इससे कीटाणुओं से आपका बचाव होता है।



– बदलते मौसम में सबसे ज्यादा लोग बीमार पड़ते हैं। इसके लिए आपने खाने में विटामिन सी की मात्रा बढ़ाएं। विटामिन सी रोग प्रतिरोधक क्षमता में इजाफा करता है जिससे छोटी-मोटी बीमारियां दूर रहती हैं। संतरे, अनानास, ब्रोकोली, अंगूर ,कीवी विटामिन सी के अच्छे स्त्रोत हैं।



– बदलते मौसम में गले में खराश होना आम बात है। इसके लिए स्टीम लेना कारगार होता है।

– गर्मियों के समय जितना हो सके तरल पदार्थों का सेवन करें। खूब पानी और ताजा फलों का जूस जरूर पिएं।

## कसरत के बाद नहीं पहले करें इनका सेवन

अगर अच्छी बॉडी चाहते हैं तो कसरत के बाद ही नहीं बल्कि उससे पहले भी आप कुछ सुपर फूड्स खा सकते हैं। इससे आप फिट बने रहेंगे और कसरत करते समय जल्दी थकेंगे नहीं। आइए जानते हैं कि जिम जाने से पहले आप किन-किन चीजों का सेवन किया जा सकता है।

**केले :** केले पचाने में आसान होते हैं, साथ ही इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्वों से शरीर को ऊर्जा मिलती है। अगर सुबह कसरत करने जाते हैं तो एक केले को आधा कप दही के साथ खाएं और इसके आधे घंटे बाद जिम जाएं।

**ओट्स :** जिम जाने से आधा घंटा पहले ओट्स का सेवन कर सकते हैं। इसमें विटामिन सी होता है जो कार्बोहाइड्रेट को एनर्जी में बदलता है। इससे रक्त संचार अच्छे से होता है और आप तरोताजा महसूस करते हैं।

**फल और दही :** फलों में कार्बोहाईड्रेट और दही में प्रोटीन उच्च मात्रा में होता है। इसलिए कसरत से पहले इनका सेवन फायदेमंद है।

**होलग्रेन (अनाज वाली) ब्रेड :** जिम जाने से लगभग 45 मिनट पहले इसका सेवन करना चाहिए। आप इस ब्रेड पर शहद या जैम लगाकर खा सकते हैं। इसके साथ उबले अंडों का सेवन भी लाभकारी होता है।

## इन चीजों के साथ ना खायें खीरा, होगा नुकसान

**अलावा खीरा खाना सेहत के लिहाज से कई तरह से फायदेमंद होता है. लेकिन आज जानें खीरा खाने के कुछ नुकसानों के बारे में. दरअसल खीरे के साथ कुछ चीजों का सेवन करना सेहत के लिए अच्छा फूड कॉम्बिनेशन नहीं है. जानिए क्यों और कैसे.**



### खीरा और टमाटर एक साथ नहीं खाना चाहिए

खीरा और टमाटर दोनों को एक साथ सलाद में खाया जाता है. लेकिन सेहत के लिहाज से यह सही फूड कॉम्बिनेशन नहीं है. दरअसल, इन दोनों को पचाने का तरीका बिल्कुल अलग होता है, इसलिए इन्हें एक साथ खाने से बचना चाहिए. दरअसल, जब आप इन दोनों को खाते हैं तो यह शरीर में अम्लीय पीएच को असंतुलित कर देता है, जिससे पेट फूल सकता है.

### खीरा और मूली एक साथ खाने से बढ़ सकती है परेशानी

लोग अक्सर सलाद में खीरा और मूली दोनों मिलाकर खाते हैं. हालांकि, दोनों एक दूसरे के साथ प्रतिक्रिया कर सकते हैं. खीरे में एस्कॉर्बेट होता है, जो विटामिन सी को अवशोषित करने का काम करता है. ऐसे में जब आप इसके साथ मूली खाते हैं, तो यह इस प्रक्रिया में रुकावट पैदा करता है, जिससे कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो सकती हैं.

### खीरे और दूध से बनी चीजें एक साथ खाना

खीरे और दूध से बनी चीजें एक साथ खाते हुए आप सोच सकते हैं कि आप सुपर हेल्दी दूध के साथ बहुत ही हेल्दी फल एड रहे हैं, लेकिन आप गलत हैं. दूध एक रेचक है और खरबूजे डीयूरिटिक हैं. नतीजतन, उनके कॉम्बिनेशन से पाचन संबंधी परेशानी हो सकती हैं, जिसके परिणामस्वरूप उल्टी या दस्त हो सकते हैं

## वास्तु टिप्स जो भर देंगी आपके जीवन में खुशियां, गृह क्लेश से मिलेगी मुक्ति




**“ आपने कई बार देखा होगा कि घर में बिना किसी वजह के भी तनाव व लड़ाई-झगड़ा बना रहता है। इस वजह से आपसी रिश्तों में कड़वाहट और एक-दूसरे के प्रति उदासीनता आ जाती। अगर आप अपने जीवन में खुशियां चाहते हैं और रिश्तों में इन कड़वाहटों से मुक्ति चाहते हैं तो आपके लिए दिए गए हैं ये 15 आसान उपाय...**

1.अपने घर में सप्ताह में एक बार गूगल का धुआं जरूर दिखाएं। यह शुभ माना जाता है।

2.वहीं आप गेहूं में नागकेशर के 2 दाने और तुलसी की 11 पत्तियां डालकर पिसवा सकते हैं। यह शुभ माना जाता है।

3. घर में सरसों तेल के दीये में लौंग डालकर जलाना शुभ माना जाता है।

4. हर गुरुवार को अपने घर के तुलसी के पौधे में दूध चढ़ाना शुभ माना जाता है।

5. तवे पर रोटी सेंकने से पहले दूध के छींटें मारना शुभ है।

6. याद रखें, पहली रोटी गौ माता के लिए निकाल देना शुभ माना जाता है।

7. अपने मकान में 3 दरवाजे एक ही रेखा में न हों, इसका हमेशा ध्यान रखें।



8. कभी भी सूखे फूल को अपने घर में नहीं रखें।

9. घर में संत-महात्माओं के चित्र आशीर्वाद देते हुए मुद्रा में लगाएं।

10. अपने घर में टूटी-फूटी, कबाड़, और अनावश्यक वस्तुओं को नहीं रखें।

11. ध्यान रखें, घर में टपकने वाले नल नहीं होना चाहिए।

12. आपके घर में गोल किनारों के फर्नीचर ही शुभ हैं।

13. घर में तुलसी का पौधा पूर्व दिशा की ओर या पूजा स्थान के पास ही रखें।

14. वास्तु के अनुसार उत्तर या पूर्व दिशा में की गई जल की निकासी आर्थिक दृष्टि से शुभ होती है।

15. घर के दक्षिण-पूर्व दिशा के कोने में हरियाली वाली चित्र लगाएं।





# शराब पीकर कभी न बनवाएं टैटू, पहली बार बनवाते समय इन बातों का रखें ध्यान


*वो दिन गए जब केवल रॉकस्टार्स और बाइकर्स टैटू बनवाते थे। अब तो टैटू सामान्य से सामान्य इंसान के भी सिर चढ़कर बोल रहा है। अगर आपके मन में भी टैटू बनवाने का आइडिया आया है तो मन मसोसकर ही न रह जाएं बल्कि बनवा ही डालिए टैटू लेकिन जरा इन बातों का खास ध्यान भी रखें-*

टैटू बनवाने का सबसे बड़ा रूल तो यही है कि सस्ते के चक्कर में न पड़ें क्योंकि सस्ता टैटू आपके लिए महंगा साबित हो सकता है। अगर आपने टैटू बनवाने का मन बना ही लिया है तो सस्ते और अनहाइजिनिक जगह पर भूलकर भी न जाएं।

इस बात का ध्यान रखें कि टैटू बनाने के लिए नई सुईयों का इस्तेमाल हो क्योंकि पुरानी सुईयों से कई गंभीर रोगों के होने का खतरा बढ़ जाता है। इससे टीटनेस, हेपेटाइटिस बी और सी जैसी बीमारियां तो हो ही सकती हैं इसके अलावा इससे एड्स जैसा गंभीर रोग भी हो सकता है। इसके अलावा टैटू कलर भी अच्छी क्वालिटी का होना चाहिए।

टैटू करवाने से पहले शराब पीकर न जाएं। शराब आपके खून को पतला कर देता है जिससे टैटू करवाने के दौरान ब्लीडिंग जैसी समस्याएं हो सकता हैं।

इससे त्वचा पर घाव जैसी समस्याएं भी देखने को मिलती हैं। टैटू करवाने के बाद त्वचा की उचित देखभाल की भी जरुरत होती है। टैटू गोदने वाले केमिकल में अल्कोहल से रिएक्शन करने वाले तत्व मिले होते हैं जो ब्ल्ड में हानि पहूंचा सकते हैं और बिमारी पैदा कर सकते हैं।



# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहले महाराष्ट्र में हलचल बढ़ी,

# शिंदे गुट के विधायकों की धड़कनें हुई तेज


## एक-दो दिन में आ सकता है सुप्रीम कोर्ट का फैसला...

**मुंबई:** महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे की बगावत के साथ शुरू हुआ सत्ता का संघर्ष अब निर्णायक मोड़ पर पहुंचने वाला है। सुप्रीम कोर्ट आने वाले तीन चार दिन में इस पर फैसला सुना सकता है। सुनवाई पूरी हो चुकी है और सुप्रीम कोर्ट में फैसला रिजर्व है। खबर है कि 11 या 12 मई को कोर्ट फैसला सुना सकता है। क्योंकि जिन पांच जजों की संविधान पीठ के समक्ष इस मामले की सुनवाई हुई है, उनमें एक जज 15 मई को रिटायर हो रहे हैं। इसलिए उनके रिटायरमेंट से पहले फैसला सुनाए जाने की चर्चा है। इस फैसले को लेकर सत्ता की धड़कनें तेज हो चुकी हैं। सुप्रीम कोर्ट से जो फैसला आना है, उसमें मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे समेत सत्ता पक्ष के 16 विधायकों की विधानसभा की सदस्यता दांव पर लगी है।

अब तक सुप्रीम कोर्ट में जो सुनवाई हुई है, उसमें दोनों ही तरफ से जोरदार बहस हुई है। बहस के दौरान जजों ने तत्कालीन राज्यपाल की भूमिका को लेकर जिस तरह की टिप्णियां की हैं और संविधान की 10वीं अनुसूची के प्रावधानों पर जो बहस हुई है। उसे देखते हुए फिलहाल पक्के तौर पर यह नहीं कहा जा सकता कि फैसला किसके पक्ष में और किसके खिलाफ जाएगा! लेकिन, फैसला सरकार के खिलाफ आया, तो उसका सरकार पर क्या असर हो सकता है, इसे लेकर पांच प्रमुख सवाल उठाए जा रहे हैं।

**1- क्या सरकार गिर सकती है?**

अगर सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे समेत शिवसेना छोड़ने वाले 16 विधायकों को विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य करार दे दिया,



तो शिंदे को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ेगा। इस स्थिति में शिंदे सरकार का गिरना तय है।

**2- किसकी होगी नई सरकार?**

विधानसभा में सरकार के पास उपलब्ध बहुमत के अनुसार शिंदे सरकार के पतन के बाद बीजेपी और शिवसेना (शिंदे) की सत्ता पर पकड़ बनी रह सकती है। लेकिन, दोनों को मिलकर फिर से सत्ता पक्ष का नेता चुनना पड़ेगा और विधानसभा में बहुमत साबित करना पड़ेगा।

**3- शिंदे फिर बन सकते हैं मुख्यमंत्री?**

शिंदे के फिर से मुख्यमंत्री बनने को लेकर जानकारों की अलग-अलग राय है। कुछ का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट से अयोग्य करार दिए जाने वाले विधायक अगले 6 साल तक चुनाव नहीं लड़ पाएंगे, वहीं कुछ का कहना है कि यह फैसले पर निर्भर करेगा। अगर सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में ऐसा नहीं कहा, तो शिंदे फिर से मुख्यमंत्री बन सकते हैं। हां, इसके लिए उन्हें फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ लेनी होगी और 6 महीने के भीतर विधानमंडल के किसी एक सदन का सदस्य चुनकर आना होगा।

**4- क्या अध्यक्ष के पाले में होगी गेंद?**

अगर सुप्रीम कोर्ट ने विधायकों को सीधे पात्र या अपात्र घोषित नही किया और विधायकों को योग्य या अयोग्य ठहराने का फैसला विधानसभा अध्यक्ष पर छोड़ दिया, तो सत्ता पक्ष की कोशिश फैसले को टालने और यथास्थिति बनाए रखने की होगी। चूंकि, विधानसभा अध्यक्ष सत्ता पक्ष के हैं और उनके निर्णय लेने की कोई समयावधि निश्चित नहीं है, इसलिए ऐसा करना सत्ता पक्ष के लिए सहज है।

**5- क्या केस बड़ी पीठ को सौंपा जाएगा?**

महाराष्ट्र के इस सत्ता संघर्ष की सुनवाई पांच सदस्यीय संविधान पीठ के समक्ष हुई है। इस केस की सुनवाई करने वाली संविधान पीठ के सदस्यों में फैसले को लेकर कोई गतिरोध या मतभेद होता है, तो पूरा मामला सात जजों की संविधान पीठ को भी सौंपे जा सकने की चर्चा है।

**6- अगर फैसला सत्ता के पक्ष में गया तो?**

चर्चा इस बात की भी है कि अगर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला उद्धव ठाकरे को छोड़ने वाले 16 विधायकों के पक्ष में सुनाया, तो उद्धव ठाकरे फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल कर सकते हैं। लेकिन, इसका सरकार पर कोई असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि तब तक 2024 के चुनाव आ जाएंगे।

# कोंकण मंडल के 4640 घरो की आज निकलेगी लॉटरी

## 48,805 पात्र आवेदकों में किसका सपना होगा साकार...




**मुंबई :** म्हाडा के कोंकण आवास और क्षेत्रीय विकास बोर्ड द्वारा आज कोकण मंडल के 4640 घरों की आज लॉटरी निकाली जाएगी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में यह लॉटरी ठाणे पश्चिम स्थित काशीनाथ घनेकर थिएटर में सुबह 10 बजे लॉटरी का आयोजन म्हाडा द्वारा किया गया है। बता दे कि ठाणे शहर-जिला, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग में विभिन्न आवास योजनाओं के तहत तैयार किए गए 4640 घरो को तैयार किया गया है। इन घरो के साथ 14 भूखंडों की बिक्री भी की जाएगी जिसकी लॉटरी निकाली जाएगी। म्हाडा के कोंकण मॉडल द्वारा घरो के लॉटरी प्रक्रिया के लिए 6 मार्च को विज्ञापन निकाला गया। घरो के लिए लोगो को फार्म भरने के लिए 8 मार्च 2023 से 19 अप्रैल 2023 की अवधि के दौरान आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे।लॉटरी नए कंप्यूटर सिस्टम आईएचआरएमएस 2.0 (इंटीग्रेटेड हाउसिंग लॉटरी मैनेजमेंट सिस्टम) के जरिए की जा रही है। इस लॉट में निम्न, निम्न, मध्यम आय वर्ग के फ्लैट शामिल हैं।ड्रा में भाग लेने वाले आवेदकों की संख्या को देखते हुए बोर्ड ने व्यापक सुविधाओं की योजना बनाई है। आवेदकों को परिणाम देखने के लिए थियेटर परिसर में एक मंडप भी बनाया गया है। कम्प्यूटरीकृत ड्रॉ का सीधा प्रसारण देखने के लिए थिएटर में एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई हैं।मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथो लॉटरी निकाली जाएगी इस दौरान उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सहित पंचायती राज राज्य मंत्री कपिल पाटिल, ठाणे के पालक मंत्री शंभूराज देसाई, लोक निर्माण राज्यमंत्री रवींद्र चव्हाण और अन्य गणमान्य व्यक्ति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।लॉटरी जीतने वाले आवेदकों की सूची म्हाडा की वेबसाइट ँ३३स्र२://ँङ्ग४२ल्लॅ.ा्.ङ्ग५.ल्ल पर प्रकाशित की जाएगी।कम आय वर्ग के हितग्राहियों को फ्लैट उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत खोनी-कल्याण, शिरधोन, विरार-बोलिंज वागोठेघर में कुल 984 फ्लैटों को लॉटरी में शामिल किया गया है। यह योजना केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत है और योजना के सभी फ्लैटों को केंद्र सरकार से 1.50 लाख और राज्य सरकार से 01.00 लाख की सब्सिडी मिलेगी।

# नशे में धुत आरोपी ने हिरासत में पुलिस से मांगा ड्रग्स, न मिलने पर की आत्महत्या की कोशिश

**मुंबई :** मुंबई में 28 साल के आरोपी ने नशे की हालत में हिरासत के दौरान पुलिस से ड्रग्स की मांग की. पुलिस द्वारा नहीं दिए जाने पर उसने दीवार पर सिर मारकर आत्महत्या करने का प्रयास किया. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इस शख़्स का नाम नबी हुसैन अली हुसैन शेख है. शेख का मुंबई के जीटी अस्पताल में इस वक़्त इलाज चल रहा है. लोकमान्य तिलक मार्ग (छळ मार्ग) पुलिस ने चोरी के आरोप में धारावी का रहने वाले नबी हुसैन को गिरफ्तार किया है.

**पुलिस को झूठे अपराध में फंसाने के लिए...**



आरोपी को कोर्ट से पुलिस हिरासत में लेने के बाद एलटी मार्ग पुलिस स्टेशन के सामान्य लॉकअप में रखा गया था. लेकिन नबी हुसैन नशे का आदी होने के कारण मंगलवार की दोपहर को पुलिस से ड्रग्स की मांग करने लगा. पुलिस ने जब उसे ड्रग्स नहीं दिया तो वो पुलिस को झूठे अपराध में फंसाने के लिए कोर्ट में झूठे आरोप लगाने लगा.

**आरोपी के खिलाफ 41 मामले हैं दर्ज**

पुलिस ने जब उसे ड्रग्स नहीं दिया तो उसने जेल की दीवार पर अपना सिर पटक लिया और आत्महत्या करने की कोशिश की. नबी हुसैन को पुलिस ने तुरंत इलाज के लिए जीटी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत स्थिर है. आपको बता दें की नबी हुसैन पर मुंबई में चोरी और अन्य अपराधों के 41 मामले दर्ज हैं. पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है.

### बेहद चौंकाने वाला मामला

**बीते दिन महाराष्ट्र के उल्लास नगर से एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया था. यहां 12 साली की बच्ची को पहली बार पीरियड्स हुए तो उसके 30 साल के भाई ने उसकी हत्या कर दी. दरअसल, खून को देखकर उस बच्ची का भाई भड़क गया, उसको लगा कि बहन ने किसी के साथ शारीरिक संबंध बनाए हैं, लिहाजा उसी वजह से यह खून निकला है, और उसी बात पर उसने अपनी बहन को तीन दिनों तक लगातार पीटा, और इतना पीटा की उसकी मौत हो गई.**




# यूपी बोर्ड के मेधावियों को मिला सम्मान तो खिले चेहरे

रायबरेली (ब्यूरो)। एनटीपीसी परियोजना परिसर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सोमवार को हुए समारोह में मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय के बच्चों ने अपनी मेधा की बदौलत यूपी बोर्ड की परीक्षा में प्रदेश और जिले की मेरिट में भी जगह बनाई है, जिन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए सभी छात्र–छात्राओं को सफलता का मंत्र बताया।

यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में छात्रा श्रद्धा सिंह ने प्रदेश की वरीयता सूची में दसवां स्थान बनाया है। आशेंद्र सिंह चौहान और अपर्णा शुक्ला ने जिला स्तर पर छठवां स्थान अर्जित किया है। हाईस्कूल परीक्षा में आदित्य पांडेय ने जिले में चौथा स्थान हासिल कर अपनी मेधा का परिचय दिया है। मेधावी सम्मान समारोह का शुभारंभ एनटीपीसी के कार्यकारी निदेशक अभय कुमार समैयार ने सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया। कार्यकारी निदेशक ने श्रद्धा सिंह को 11 हजार, आशेंद्र सिंह, अपर्णा शुक्ला एवं आदित्य पांडेय को पांच–पांच हजार रुपये का चेक भेंट किया।तहसील स्तर पर नाम रोशन करने वाले मेधावी आयुषी पाठक, अंकित विश्वकर्मा, आदेश रत्न पाठक, आकांक्षा यादव, रिया अग्रहरि समेत 19 मेधावियों को पुरस्कार एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सभी मेधावियों के माता–पिता एवं अभिभावकों को भी अंगवस्त्र भेंटकर सम्मान से नवाजा गया। प्रधानाचार्य बालकृष्ण सिंह ने स्वागत किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष राजेश सिंह, शिवकरन तिवारी, चिन्मय विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह, डीएवी स्कूल के प्रधानाचार्य देवेंद्र मिश्रा, आज्ञा शरण सिंह, सर्वेश सिंह, धनराज यादव, नरेंद्र यादव, जितेंद्र सिंह, दुर्गेशचंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

## पत्नी के प्रेमी ने की थी युवक की हत्या

सीतापुर (ब्यूरो)। रामकोट क्षेत्र में लापता हुए युवक की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस के मुताबिक, युवक की पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस ने प्रेमी और युवक की पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। क्षेत्र के मोहल्ला श्रीनगर कॉलोनी खूबपुर निवासी मिथिलेश कुमार (30) अपनी एक निजी कार को किराये से चलाकर आजीविका चलाता था। 22 अप्रैल को वह अपनी कार से घर से निकला था। परिवारीजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज करा दी थी। कुछ दिनों बाद उसका शव खैराबाद के रहिमाबाद पुल के पास पड़ा पाया गया। सीने के ऊपर का हिस्सा गायब था। मृतक की पत्नी रूपा देवी ने शव की पहचान की थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। फोन और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने इस्मालपुर निवासी शुभम और मृतक की पत्नी रूपा देवी को गिरफ्तार कर लिया। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि रूपा और शुभम आपस में रिश्तेदार हैं। दोनों के बीच में संबंध थे।


# कूलर हटाने के विवाद में महिला की हत्या, कोर्ट ने 22 महीने में सुनाया फैसलाय दोषियों को उम्रकैद



आगरा (ब्यूरो)। आगरा के जिला जज विवेक संगल ने कमला नगर के बल्केश्वर में कूलर हटाने के विवाद में हुई महिला की हत्या के मामले में आरोपी पति–पत्नी और दो बेटों को दोषी पाया। चारों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। 60 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया। फैसला 22 महीने में सुनाया गया। घटना 9 जून 2021 की है। बल्केश्वर स्थित श्रमिक कॉलोनी निवासी कांता देवी के पति किशोर बलेचा की घटना से पांच साल पहले मौत हो गई थी। कांता देवी बीमा एजेंट थीं। वह बेटी दीक्षा के साथ रहती थीं। दीक्षा एक कंपनी में सेल्स का काम करती हैं। आरोपी मान सिंह परिवार सहित भूतल पर जबकि उनका परिवार पहली मंजिल पर रहता था। खिड़की पर उनका कूलर लगा था। मान सिंह ने अतिक्रमण कर छत ऊपर कर ली थी। यह उनकी खिड़की तक आ रही थी। मृतक की बेटी दीक्षा ने पुलिस से शिकायत की थी। उन्होंने कहा था कि भाई विजय बलेचा भी नोएडा से आया हुआ था। वह बाहर गया था। रात तकरीबन 8ः30 मान सिंह लाठी, डंडे और लोहे की सरिया लेकर घर में घुस आए। कूलर हटाने के लिए धमकी देना शुरू कर दिया। विरोध पर मान सिंह, उनकी पत्नी और बेटों ने मारपीट शुरू कर दी। कांता देवी और दीक्षा को डंडे से पीटा। कांता के सिर में चोट लगी। मां और बहन की चीख पुकार सुनकर विजय आया। यह देखकर चारों आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। दीक्षा और कांता देवी को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने कांता देवी को मृत घोषित कर दिया। मामले में थाना कमला नगर में मुकदमा दर्ज किया गया था। केस में तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र शर्मा ने साक्ष्य संकलन कार्रवाई की। कोर्ट में जिला शासकीय अधिवक्ता बसंत कुमार गुप्ता, एडीजीसी देवी सिंह सोलंकी और वरिष्ठ अधिवक्ता विजय आहूजा, वीनू आहूजा ने छह गवाह और हत्या से जुड़े सबूत पेश किए। हत्या के लिए फांसी की सजा की दलील दी।

# असलहा का ट्रिगर दबा और दोस्त के सीने में जा लगी गोली

## गोली चलते ही पार्टी में मची भगदड़



**गाजीपुर।** भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के जौहरपुर नसुल्लाह में दोस्तों के बीच पार्टी चल रही थी कि अचानक एक दोस्त ने मजाक में ही दूसरे दोस्त के सामने असलहा तान कर ट्रिगर दबा दिया और गोली दोस्त के सीने में जा लगी।

इसके साथ ही पार्टी में भगदड़ मच गई और घायल को आनन- फानन में दोस्तों द्वारा निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां से फर्स्ट ट्रीटमेंट के बाद उसे ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है।

सूचना पाकर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस जाँच में जुटी गई। गोली कैसे चली ? पार्टी में कौन-कौन लोग शामिल थे ? घटना के पीछे का क्या रहस्य है ? पुलिस बारीकी से जांच कर रही है।

इस संबंध में खबर लिखे जाने तक पुलिस के हाथ कोई ठोस क्लू नहीं लगा था। इस संबंध में कोतवाल तारावती ने कहा कि फिलहाल मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है, जाँच पूरी होने पर जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

# ट्रक चालक को आई झपकी तो पुलिस जीप को ही रौंदा

## बाल-बाल बचे पुलिस कर्मी

**गाजीपुर।** गाजीपुर से मऊ की तरफ आ रही डायल 112 पुलिस जीप और विपरीत दिशा से जा रहा ट्रक ट्रेलर में जोरदार टक्कर से पुलिस वाहन के परखच्चे उड़ गए।

घटना के बाद पुलिस विभाग में पूरी रात हड़कंप मचा रहा। थाना क्षेत्र के करदह कैथवली चट्टी स्थित कम्पोजिट प्राथमिक विद्यालय के सामने रात्रि में 12:30 बजे के लगभग वाराणसी -गोरखपुर फोरलेन मार्ग पर टेलर वाहन एवं 112 पुलिस जीप की आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिस हादसे में टेलर ट्रक की टक्कर में हाइ-वे पर लगी रेलिंग को तोड़ते हुए सड़क पर खड़ी 112 नम्बर जीप को जोरदार टक्कर के साथ घसीटते हुए सर्विस रोड पर ले जाकर पलट दिया। संयोग रहा कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। 112 पुलिस जीप चालक अविनाश चन्द्र कुशवाहा, पुलिस कर्मी सुनील कुमार व जीप के पास बाहर खड़े विजय प्रताप सिंह घायल हो गए। तीनो घायलों का ग्रामीणों की मदद से उपचार स्थानीय चिकित्सक के यहां कराया गया। उधर गंभीर रूप से घायल सुनील कुमार को उपचार के लिए मऊ स्थित जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज चल रहा है।



सूचना पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्र ने घायल पुलिस कर्मियों को उपचार के लिए भेजने के साथ ही टेलर को कब्जे में लेते हुए मिर्जापुर जनपद निवासी चालक शिवकुमार को हिरासत में ले लिया है। बताया कि चालक द्वारा गहरी झपकी आने के कारण हादसा हुआ है।

# बेटी की डोली उठने से पहले पिता की अर्थी उठ गई, ड्यूटी जाते समय सड़क दुर्घटना में हुई पिता की मृत्यु




**मीरजापुर।** लूसा रेलवे स्टेशन अंतर्गत तैनात रेलवे कर्मचारी प्रयाग 56 वर्ष की ड्यूटी पर जाते समय सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने से पूरा रेलवे विभाग मर्माहत है। रेलवे द्वारा दाह संस्कार के लिए आर्थिक सहायता दी गई। इसी माह के अंत में उनके सबसे छोटी बेटी की शादी है। बेटी की डोली उठाने के पहले पिता की अर्थी उठ गई।

रेलवे के पीडब्लू आई राजू भगत ने बताया कि प्रयाग को दो पुत्र चार पुत्रियां है। उनके सबसे छोटी बेटी की इसी माह के अंत में शादी है। जिससे उनके अचानक हुए निधन से बेटी की शादी डोली उठाने पहले उठ गई पिता की अर्थी, जिससे सभी परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है।

# शालिनी उन्नीकृष्णन के किरदार ने फिजिकली और इमोशनली झकझोर दिया - अदा शर्मा



द केरल स्टोरी हर दिन कमाई के नए आंकड़े छू रही है। कर्नाटक और बंगाल जैसे राज्य में बैन होने के बावजूद फिल्म ने अब तक तकरीबन 67.42 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है, हालांकि अभी ऑफिशियल कलेक्शन नहीं आया है। इस बीच मंगलवार को फिल्म की लीड अदा शर्मा ने फिल्म की सक्सेस पर बात की। फिल्म को लेकर एक्सपीरिएंस शेयर करते हुए अदा ने बताया कि शालिनी उन्नीकृष्णन के किरदार ने उन्हें शारीरिक और भावनात्मक तौर पर तोड़ दिया था। उनके दिल पर इस किरदार का असर बेहद गहरा रहा है।

ईटाइम्स को दिए इंटरव्यू में अदा से सवाल किया गया कि - 'आपको इस किरदार ने कितना प्रभावित किया?' इस पर उन्होंने कहा- 'मुझे इस किरदार ने फिजिकली और इमोशनली दोनों तरह से प्रभावित किया है। इनके निशान मेरे दिल तक पहुंचे हैं, ऐसे निशान जो कभी भी मिट नहीं पाएंगे।'

फिल्म की सक्सेस के बारे में बात करते अदा ने कहा- 'फिल्मी बैकग्राउंड से न आने के बावजूद मुझे जो प्यार मिला, मुझे वाकई इसकी उम्मीद नहीं थी। पूरा देश आज मेरा हौसला बढ़ा रहा है। मैं बेहद शुक्रगुजार हूं। यह ऐसा मौका है जब मैं अपनी खुशी जाहिर नहीं कर पा रही।'

फिल्म में दिए मैसेज के बारे में बात करते हुए अदा ने कहा- 'फिल्म के जरिए हमने जो मैसेज देने की कोशिश की है, वो शायद कई लड़कियों की जिंदगी बचा पाएगा। ऑडियंस से हमें जो प्यार मिला, वो वाकई बहुत बड़ी बात है। मुझे बेहद खुशी होती है।'

अदा से सवाल किया गया- 'यह फिल्म खुद में एक सेंसिटिव और डिस्टर्बिंग मुद्दे को उठाती है, जिसमें इस्लामिक कन्वर्जन की कहानी है। ऐसे में फिल्म को करने में आपको कोई हिचक हुई?'

जवाब में अदा ने कहा- पहले दिन स्क्रिप्ट पढ़ने से लेकर फिल्म की शूटिंग तक, द केरल स्टोरी की कहानी एक ऐसी लड़की की थी, जो नरक में धकेल दी जाती है। इस दौरान उसे आतंकवाद का भयानक रूप देखने को मिलता है। आतंकवाद वाकई एक खतरनाक मुद्दा है, लेकिन किसी न किसी को तो यह कहानी दिखानी ही थी। इस तरह के ट्रैप में फंसी लड़कियों के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने लड़कियों को सलाह दी और कहा- 'जिंदगी में कोई भी सिचुएशन हो। चाहे वो कोई भी फैसला हो- बड़ा या छोटा। लड़की होने के नाते आपको दो बार सोचना चाहिए। अपने परिवार से सलाह लेनी चाहिए।'

सफलता के बारे मे खुशी जाहिर करते हुए अदा ने कहा- 'यह जानने के बाद कि द केरल स्टोरी कई महिलाओं की जिंदगी बदल देगी। मुझे वाकई बेहद खुशी हुई है। इस फिल्म के जरिए कई अनसुनी कहानियों को अपनी आवाज मिली है। यही मेरा असल सेलिब्रेशन है।'

# लव अगेन के प्रीमियर में गिर पड़ी थीं प्रियंका:

## बोलीं- 23 साल में ऐसा कभी नहीं हुआ, मीडिया ने कैमरे बंद कर लिए



प्रियंका चोपड़ा अपनी फिल्म लव अगेन को लेकर बेहद सुर्खियों में हैं। बीते दिनों एक्ट्रेस अपनी फिल्म के प्रीमियर में पहुंची थीं, इस दौरान उन्होंने ब्लू ऑफ शोल्डर गाउन पहना था। एक्ट्रेस की यह ड्रेस दिखने में जितनी खूबसूरत थी, उसे पहनने का एक्सपीरिएंस उतना ही बुरा रहा। प्रियंका ने हाल ही में बताया कि इवेंट में उनके साथ कार्पेट पर हादसा हुआ और वो गिर गईं। हालांकि, अच्छी बात यह थी किसी ने उनके गिरने की तस्वीरें या वीडियो नहीं बनाई।

अमेरिकन चैनल अइउ के टॉक शो 'द व्यू' में प्रियंका ने बताया कि वो लव अगेन के प्रीमियर पर अपनी हाई हील्स की वजह से रेड कार्पेट पर गिर गई थीं। उस वक्त पैपराजी और प्रेस सभी वहां मौजूद थे। इस बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा- 'मैंने इस बारे में बात नहीं की है, क्योंकि मैं हर रोज सोशल मीडिया पर इस चीज की देखने की कोशिश करती हूं। मैंने इस ड्रेस के साथ हाई हील्स पहनी थी, ताकि मेरी ड्रेस जरूरत के मुताबिक लंबी दिखे। रेड कार्पेट प्रेस के लोगों से भरा हुआ था, उस वक्त हर कोई पिक्चर्स क्लिक करने में बिजी था। तभी मैं अचानक वहां गिर गई।'

प्रियंका ने आगे कहा- 'जैसे ही मैं गिरी सभी पैपराजी ने अपने कैमरे बंद कर दिए। ये कुछ ऐसा है जो मैंने अपने 23 साल के करियर में कभी नहीं देखा। पैपराजी ने मुझे इसके बारे में टेंशन न लेने की सलाह दी।'

प्रियंका ने कहा- 'मैं एक सेकंड के लिए डर गई थी। तब पैपराजी ने कैमरे बंद करते हुए कहा- आप बहुत अच्छी हो। फिर मैं खड़ी हुई और तब से अभी तक मेरे गिरने की कोई क्लिप कहीं नहीं है।' प्रियंका ने बताया कि उन्हें गिरने से बचाने के लिए उनके पति निक जोनस समेत 5 लोग लगे हुए थे। इसके बावजूद वो खुद को संभाल नहीं सकीं और गिर गईं।'

# 20 हजार स्क्रीन्स पर रिलीज होगी प्रभास की फिल्म 'आदिपुरुष', 400 करोड़ तक पहुंचा मेकिंग बजट

'आदिपुरुष' का ट्रेलर लॉन्च हो चुका है. ट्रेलर को आडियंस से अच्छा रिस्पांस मिल रहा है. ट्रेलर इंटरनेट पर छाया हुआ है और यहां कि यूट्यूब की ट्रेंड लिस्ट पर टॉप पर है. इसे अबतक 49 मिलियन से भी ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं. फिल्म को ओम राउत ने डायरेक्ट किया है. ओम को पिछले लॉन्च किए 'आदिपुरुष' के टीजर के लिए काफी ट्रोल किया गया था. फिल्म के वीएफक्स को सबसे बेकार बताया था. लोगों का कहना था कि 600 करोड़ रुपए में कोई इतना पिक्चर कैसे बना सकता है. लेकिन ओम ने ट्रेलर में साबित कर दिया कि उन्होंने एक बेहतरीन फिल्म बनाई है. बाकी परिणाम तो फिल्म रिलीज के बाद पता चलेगा.

'आदिपुरुष' में प्रभास, कृति सैनन, सनी सिंह और सैफ अली खान हैं. फिल्म 16 जून को हिंदी समेत तमिल, तेलुगु, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी. फिल्म का प्रमोशन भी ग्रैंड लेवेल पर जोरों पर चल रहा है. उम्मीद है कि प्रभास इस फिल्म के बजट से ज्यादा कमाई करवा देंगे.




वीएफएक्स पर भी दोबारा काम किया गया है. ऐसे में फिल्म का बजट का 600 करोड़ रुपए से पार पहुंचेगा. फिल्म के प्रोड्यूसर्स का काफी पैसा दांव पर लगा हुआ है.

फिल्म में सबसे ज्यादा फीस प्रभास को मिली है. वह लीड रोल में हैं और श्रीराम का किरदार निभा रहे हैं. फिल्म के बजट एक बड़ा हिस्सा 100 करोड़ रुपए उनके खाते में है और हो भी क्यों ना फिल्म का सारा भार जो उनके कंधों पर है. मेकर्स को प्रभास पर काफी भरोसा है. उन्हें अगर ऐसा नहीं हो पाया, तो फिल्म को भारी नुकसान होगा।

आजकल फिल्म को हिट होने के लिए 100 करोड़ रुपए के क्लब में शामिल होने के लिए माना जाता है. लेकिन जिसका बजट ही 600 करोड़ हो उसको ब्लॉकबस्टर बनने के लिए कम से 1 हजार करोड़ रुपए तो कमाने ही होंगे. ट्रेड एनालिस्ट्स की माने तो आदिपुरुष को तभी सक्सेसफुल और सुपरहिट माना जाएगा जब फिल्म 1 हजार या इससे ज्यादा की कमाई कर लें.

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email-editor@rokthoklekhaninews.com